NSW Disability Advocacy Futures Program (DAFP)

# NSW डिसएबिलिटी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम

## स्कूलों, छात्रों और परिवारों के लिए जानकारी

NSW शिक्षा विभाग (NSW Department of Education) ने NSW समुदाय एवं न्याय विभाग (NSW Department of Communities and Justice) के साथ सहभागिता की है ताकि विकलाँगता से ग्रस्त छात्रों और उनके परिवारों को डिसएबिलिटी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम के अधीन सहायता दी जाए।

यह कार्यक्रम विकलाँगता से ग्रस्त छात्रों और उनके परिवारों को शिक्षा तथा व्यापक सेवा प्रणाली को नेविगेट करने (इसकी खोजबीन करने), तथा अपनी आवश्यकताएँ स्कूलों को व्यक्त करने में सहायता देता है।

इस कार्यक्रम के साथ, हम एक और अधिक समावेशी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना जारी रख रहे हैं, जहाँ हर छात्र को NSW के सरकारी स्कूलों में पहचाना जाता है, और उसकी कदर तथा देखरेख की जाती है।

## कार्यक्रम क्या पेश करता है

- विकलाँगता से ग्रस्त छात्रों और उनके परिवारों को सबसे पहले संपर्क के तौर पर उनके स्कूल से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। परन्तु, जटिल समस्याओं का सामना करने के लिए उनके पास समर्थन का एक अन्य माध्यम होता है।
- स्कूल, विकलाँगता से ग्रस्त छात्र और उनके परिवार छात्र की शैक्षिक आवश्यकताओं पर प्रतिक्रिया करते समय मिलकर काम करने के लिए एक स्वतंत्र और नि:शुल्क सहायक व्यक्ति तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।
- विकलाँगता से ग्रस्त छात्र और उनके परिवार शिक्षा और व्यापक सेवा प्रणाली को नेविगेट करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

| क्षेत्र/स्थान | संगठन का नाम | संपर्क विवरण |
|---|---|---|
| Hunter New England, Northern NSW, Mid North Coast | Advocacy Law Alliance Incorporated | P: 1300 365 085<br>W: https://da.org.au/ |
| Western, Far Western NSW | Advocacy Law Alliance Incorporated | P: 1300 365 085<br>W: https://da.org.au/ |
| Southern NSW, Illawarra Shoalhaven, Murrumbidgee | ACT Disability Aged Carer Advocacy Service Limited | P: +61 (2) 6242 5060<br>W: https://adacas.org.au/ |
| Northern Sydney, Central Coast | Action for People with Disability Inc | P: +61 (2) 9449 5355<br>W: https://www.actionadvocacy.org.au/ |
| Western Sydney, Nepean Blue Mountains | Advocacy Law Alliance Incorporated | P: 1300 365 085<br>W: https://da.org.au/ |
| Sydney, South Eastern Sydney | People with Disability Australia Incorporated | P: +61(2) 9370 3100 OR 1800 422 015<br>W: https://pwd.org.au/ |
| South Western Sydney | People with Disability Australia Incorporated | P: +61(2) 9370 3100 OR 1800 422 015<br>W: https://pwd.org.au/ |
| Aboriginal and Torres Strait Islander | First Peoples Disability Network (Australia) Ltd | P: +61 (2) 9267 4195<br>W: https://fpdn.org.au/ |
| Culturally and linguistically diverse communities | Multicultural Disability Advocacy Association of NSW | P: +61 (2) 9891 6400 OR 1800 629 072<br>W: http://mdaa.org.au/ |

यदि आपको और अधिक जानकारी की ज़रूरत है तो कृपया स्कूल से संपर्क करें। यदि स्कूल से संपर्क करने में आपको दुभाषिए की ज़रूरत है, तो कृपया **131 450** पर फोन करें, जिस भाषा की आपको ज़रूरत है वह उन्हें बताएँ और ऑपरेटर को स्कूल को फोन करने के लिए कहें। ऑपरेटर आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

NSW GOVERNMENT